## खबर संक्षेप

### गौरक्षक प्रकाश बनें अटल कामधेनु गौसेवा संस्थान में चिकित्सा प्रभारी



**शहडोल।** सेवा करते हाथ प्रार्थना करते ओंठो से ज़्यादा पवित्र होते है, सेवा के लिए धन के नहीं बल्कि बड़े मन आवश्यकता होती है, इन पंक्तियों को गौ रक्षक प्रकाश ने सार्थक किया है, उनके असाधारण सेवा भाव के चलते उन्हें अटल कामधेनु गौसेवा संस्थान में गौसेवा चिकित्सा प्रभारी बनाया गया है, प्रकाश एक निजी संस्था में जॉब करते है, अपनी प्रबल सेवा संकल्प के चलते प्रकाश जॉब और गौसेवा दोनो कार्य कर थे, संस्थान के गौसेवा प्रमुख गौरव राल्ही मिश्रा समेत ज़्यादातर लोग प्राइवेट जॉब के साथ गौसेवा में संलग्न है, फ़िलिहाल चिकित्सा प्रभारी का दायित्व के लिए प्रकाश ने गौसेवा संस्थान का आभार व्यक्त किया है।

### 10 हजार रूपये का ईनामी आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** फरियादी चन्द्रकान्त विश्वकर्मा निवासी धनपुरी के द्वारा रिपोर्ट की गई थी कि आरोपी कमलाकान्त यादव अपनी पत्नी प्रमिला यादव एवं शिवम गुप्ता के साथ मिलकर धोखाधड़ी पूर्वक पैसा गबन किया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना धनपुरी में उक्त आरोपियों के विरूद्ध धारा 409,419, 420,120बी भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ली जाकर प्रकरण में आरोपी कमलाकांत यादव एवं प्रमिला यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। उक्त प्रकरण का एक आरोपी शिवम गुप्ता घटना दिनांक से लगातार फरार था। जिसकी पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के द्वारा उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10,000 रूपये के ईनाम की उद्घोषणा की गई थी। 04 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर आरोपी शिवम गुप्ता पिता बद्री प्रसाद गुप्ता उम्र 31 साल निवासी वार्ड नं. 03 बनियानटोला थाना बुढ़ार को कालेज तिराहा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी निरीक्षक शिवप्रताप सिह चंदेल के साथ सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र सिंह, शंकर, आरक्षक अजय सिंह, बीरेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** जयसिंहनगर थाना क्षेत्रांतर्गत 03 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम कौआ सरई में दबिश देकर आरोपी बुद्दू कोल पिता राम पलिया कोल निवासी कौआ सरई के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 900 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 71 वाहन चालकों से वसूले गये शुल्क

**शहडोल।** सिटी पुलिस द्वारा 03 जनवरी को शराब पीकर वाहन चलाने पर एवं बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले एवं अन्य के विरूद्ध कार्यवाही कर विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 71 चालानों में 25,800 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### कोतमा से बुढ़ार होते हुए उत्तरप्रदेश के कत्लगाहों तक जुड़े हैं तार

# पशु तस्कर हर दिन जिले से पार करा रहे गौवंश

शिव के राज के बाद भले ही मोहन राज कायम हो गया है, लेकिन पुलिस और तस्करों के बीच अभी तक कुछ नहीं बदला है, हिन्दु धार्मिक आस्थाओं के विपरीत गौवंश की तस्करी बंद होने की जगह और तेज हो चुकी है, बीते कई महीनों से शहडोल-अनूपपुर में इसके खिलाफ कोई कार्यवाही न होना और इन जिलों में गौवंशों की लगातार घट रही संख्या, तस्करों का मजबूत नेटवर्क मोहन राज के साथ हिन्दुओं की आस्थाओं के लिए भी चुनौती बनता जा रहा है।



बुढ़ार के मोहित, कोतमा के वाजिद और कानपुर के बल्लू कर रहे खेला

**शहडोल।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ पड़ोस के अनूपपुर जिले के दर्जन भर ग्राम गौवंश तस्करी के लिए अपनी पहचान बनाते जा रहे हैं, मुखबिरों और मजबूत पुलिसिया नेटवर्क के दम पर प्रतिदिन आधा दर्जन से अधिक वाहनों में गौवंश लदकर उत्तरप्रदेश के कानपुर, इलाहाबाद की मण्डियों में पहुंच रहे हैं। जिन स्थानों से गौवंश चुराये और खरीदे जा रहे हैं, इसके साथ ही जहां से वाहन गुजरकर अंतर्राज्जीय सीमा पार करते हुए कत्लगाहों तक पहुंच रहे हैं, पूरा का पूरा नेटवर्क भाजपा सरकार में कमजोर होने की जगह और मजबूत होकर विचारधारा को ही चुनौती दे रहा है। हालाकि कुछ माह पहले शहडोल और अनूपपुर जिले के कुछ थानों में गौवंश तस्करी के खिलाफ कार्यवाहियां हुई हैं, लेकिन की गई कार्यवाहियां तभी हुई, जब शिकायतकर्ता या मुखबिर कार्यवाही के लिए अड़े रहे। अनूपपुर जिले के कोतमा के आस-पास के दर्जन भर ग्रामों से होता हुआ यह नेटवर्क शहडोल जिले में केशवाही की ओर से प्रवेश करता है और पुलिसिया मैनेजमेंट बुढ़ार के तथाकथित पशु तस्कर के माध्यम से किया जा रहा है।

### कत्लगाह भेजे जा रहे मूक पशु

पशु तस्करी का धंधा काफी तेजी से फल-फूल रहा है। पशुओं की तस्करी के कारण बैल एवं दुधारु पशु की संख्या में काफी कमी हो रही है। वही पशु तस्कर चांदी काट रहे हैं। पुलिस की मिली भगत से ही सूत्र बताते हैं कि यहां के अधिकांश पशु तस्करों के तार उत्तरप्रदेश से जुड़े हैं। पशुओं को कोतमा के आस-पास के ग्राम जमुड़ी, निगवानी, बरखली, पथरौड़ी, सारंगगढ़, ऊरा, आमाडांड, पोड़ीचोड़ी, चोलना आदि ग्रामीण क्षेत्र से खरीद कर कोतमा के आस-पास के ग्रामों में पहुंचाया जाता है। जहां से तस्कर पशुओं को उत्तरप्रदेश के इलाहाबाद और कानपुर की मण्डियों में ले जाते हैं। इन पशुओं की उत्तरप्रदेश में काफी ऊंची कीमत मिलती है, लेकिन तस्करी के कारण क्षेत्र में पशुओं की काफी कमी देखी जा रही है। जिसका परिणाम यह है कि कम दाम में उपलब्ध होने वाली पशुओं का दाम सातवें आसमान पर है।

### कोतमा-बुढ़ार से जुड़े यूपी के तार

इन दिनों संभाग के अनूपपुर जिले के कोतमा के बनियाटोला में रहने वाले मेरठ के वाजिद अब यहां के निवासी बन चुके हैं, तथाकथित तस्कर का दूसरा तार कानपुर में बैठे उसके भाई बल्ली से जुड़ा है, इन सबके बीच की कड़ी बुढ़ार से जुड़ी है, जहां से पुलिसिया और तथाकथित गौसेवकों के मैनेजमेंट को पूरा करती है। मोहित नामक युवक अपने गुर्गे के साथ दोनों जिलों में पशु तस्कर के रूप में सक्रिय है, जो बेखौफ होकर पशु तस्करी को अंजाम दे रहे है। खुलेआम हो रहे पशुओं की तस्करी से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस पशु तस्करी पर रोकथाम करे नहीं तो लोगों का आक्रोश कभी भी फूट सकता है।

### मैनेजमेंट के सहारे कर रहे कूररता

क्षेत्र में पशु तस्कर सारे कायदे कानून को ताक पर रखकर निरीह पशुओं की अवैध तस्करी में संलिप्त हैं। सरकार ने क्रूरतापूर्वक पशु तस्करी को लेकर कई सख्त कानून बना रखे है लेकिन तस्करों के अंदर इसका जरा भी खौफ नही है और ये किसी ट्रकों के अलावा किसी को हवा न लगे इसलिए कंटेनर जैसे वाहनों में पशुओं को ठूंसकर पड़ोसी राज्यों तक ले जा रहे है। लंबे से क्षेत्र में पशुओं की अवैध तस्करी में लिप्त इन तस्करों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में होने वाले अवैध पशु तस्करी पर रोकथाम हेतु पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## खेती की आधुनिक तकनीकी किसानों तक पहुंचाएं : अपर मुख्य सचिव

**शहडोल।** अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग अशोक वर्णवाल ने कहा कि खेती, पशुपालन, मतस्य पालन की आधुनिकतम तकनीकी किसानों तक पहुंचना चाहिए तथा आधुनिक कृषि तकनीकी का लाभ किसानों को मिलना चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संभाग के सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड मुहैया कराएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार का गतिरोध नहीं होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मत्स्य पालकों एवं पशुपालन करने वाले किसानों को भी प्राथमिकता के साथ क्रेडिट कार्ड मुहैया कराएं। अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण गुरूवार को नगर में कृषि विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संभाग के सभी जिलों के उप संचालक कृषि जिले की प्रमुख फसलों के रिसर्च सेंटरों में जाकर, फसल उत्पादन की नई तकनीकी सीखें और इस आधुनिक तकनीकी का प्रचार-प्रसार किसानों के बीच कराएं। खेती पशुपालन मत्स्यपालन की आधुनिकत्तम तकनीकी किसानों तक हर हाल में पहुंचाए, कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभाग में मिट्टी परीक्षण का कार्य निरंतर जारी रहना चाहिए तथा मिट्टी परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा किसानों के जीवन्त सम्पर्क स्थापित कर किसानों को समुचित मार्गदर्शन और समझाइस देना चाहिए। उन्होनें कहा कि मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस जैसे पोषक तत्वो की कितनी कमी है इस संबंध में भी किसानों को जागरूक करना चाहिए, किसानो के फसल बीमा के लिए संभाग के सभी कृषि विभाग के अधिकारी निरंतर जोर लगाए, मैदानी कृषि अधिकारी किसानो के बीच जाकर फसल बीमा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दें तथा फसल बीमा योजना के प्रकरण भी तैयार कराएं। उन्होंने कहा किसंभाग में अरहर की फसल को प्रोत्साहित करें, किसानों को अरहर की फसल 120 दिन में पकने वाली पूसा 16 किस्म की जानकारी दें तथा किसानों को भरपूर मात्रा में कम समय में पकने वाली अरहर के बीज भी समुचित मात्रा में उपलब्ध कराएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभाग में सुगंधित धान की खेती को प्रोत्साहित करें। अपर मुख्य सचिव नें निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के सभी कस्टम हायरिंग सेंटरों का वेरीफिकेशन भी कराएं। बैठक में उद्यानिकी विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर शहडोल श्रीमती वंदना वैद्य, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ट, कलेक्टर उमरिया बुद्धेश कुमार वैद्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया श्रीमती इला तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल राजेश जैन, मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ट शर्मा, संयुक्त संचालक कृषि जेएस. पेन्द्राम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्रीमती प्रगति वर्मा सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



## स्वीकृत कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं : अपर मुख्य सचिव

### सांसद एवं विधायकों ने बैठक में दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**शहडोल।** अपर मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव अशोक वर्णवाल ने अधिकारियों को शासन द्वारा स्वीकृत कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जन कल्याण के किसी भी कार्य में कोई गतिरोध नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा है कि जन कल्याण के कार्यों में गतिरोध आने पर इसकी जानकारी से मुझे अवगत कराएं, मैं गतिरोध को दूर करने का प्रयास करूंगा। अपर मुख्य सचिव ने जनमानस की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। अपर मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव अशोक वर्णवाल गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय विकास एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।




बैठक में सांसद श्रीमती हिमान्द्री सिंह ने सुझाव देते हुए कहा कि अनूपपुर जिले में करपा मार्ग कई वर्षों से निर्माणाधीन है निर्माण एजेन्सी द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि करपा मार्ग का निर्माण तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिये कि उमरिया जिले में केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत हुआ किन्तु वन विभाग की आपत्ति के कारण, निर्धारित स्थल पर केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण नहीं किया जा रहा है, इसके लिए समुचित भूमि आबंटित की जाए।

बैठक में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने सुझाव दिया कि जिले में मरखी जलाशय स्वीकृत है, किन्तु क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा जलाशय के निर्माण में गतिरोध उत्पन्न किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि मरखी जलाशय का कार्य प्रारम्भ किया जाए, जिस पर प्रभारी सचिव ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि मरखी जलाशय का कार्य प्रारम्भ किया जाए और तेजी से पूर्ण कराया जाए, जलाशय के कार्य में गतिरोध उत्पन्न करने वाले लोगों के विरूद्ध शख्त कार्यावाही की जाए।

बैठक में विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि नगर में अभी सरफा डेम से पानी की सप्लाई हो रही है किन्तु आगामी वर्षों में नगर की जनसंख्या बढ़ने के साथ नगर की जल आपूर्ति प्रभावित होगी, इसके लिए सोन नदी से शहडोल नगर तक पानी की आपूर्ति की योजना बनाई गई थी, जिसका कार्य लम्बित है इस कार्य को तेजी से पूर्ण किया जाए, जिस पर प्रभारी सचिव ने वस्तस्थिति की जानकारी ली और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने सुझाव दिए कि नगर परिषद खांड में जल संसाधन की भूमि होने के कारण शासकीय प्रयोजन के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है जिसके कारण नगर परिषद खांड क्षेत्र में निर्माण कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें ताकि जनहित के कार्यों के लिए भवनों का निर्माण कराया जा सके। जिस पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इसके लिए कलेक्टर के पास पर्याप्त शक्तियां है वह जनहित में कार्य करा सकते हैं।

विधायक शिवनाराण सिंह ने कहा कि चंदिया बाई पास को फोर लाईन बनाया जाए तथा वहां डिवाइडर का भी निर्माण किया जाए ताकि लोगों को आवगमन में सुविधा मिल सके। अध्यक्ष नगर पालिका शहडोल घनश्याम जायसवाल ने भी नगर की सुविधाओं में विस्तार के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

बैठक में कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर शहडोल श्रीमती वंदना वैद्य, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ट, कलेक्टर उमरिया बुद्धेश कुमार वैद्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया श्रीमती इला तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ट शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल राजेश जैन ने आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, डीन मेडिकल कॉलेज मिलिंद सिलारकर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्रीमती प्रगति वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आंखों में पट्टी बांधकर अतिक्रमण करवा रहे जिम्मेदार

### पटवारी, आरआई, तहसीलदार, एसडीएम, नपा का अमला सब लाचार



शहडोल मुख्यालय की सब्जी मण्डी में नजूल की भूमि पर तन रही इमारत

प्रशासन नजूल की भूमि पर अतिक्रमण रोकने का झूठा ढिढ़ोरा आये दिन पीटता है, राजधानी में कार्यवाहियों के झूठे कोरम भेजे जा रहे हैं, जबकि हकीकत में सुदूर ग्राम व कस्बों की बात तो दूर मुख्यालय की सब्जी मण्डी में नजूल की भूमि पर शिकायत व स्टे के बाद इमारत तानी जा रही है, नजूल के आरआई व नपा के राजस्व अधिकारी अपनी कीमत तय कर आंखे मूंद चुके हैं।

**शहडोल।** दशको पहले संभाग की सबसे बड़ी और व्यस्त सब्जी मण्डी में नजूल की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर भवन निर्माण किया गया था, नगर पालिका और अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के राजस्व कर्मचारियों ने समय-समय पर नोटिस भेजे और नोटिसों की कीमत भी वसूल ली, बीते माह यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में तब आया जब जीर्णशीर्ण हो चुके भवन का सौदा 30 से 35 लाख रूपये में बाजार में सेठों के पास आया। लगभग 32 लाख रूपये में नजूल की भूमि पर बने जीर्ण-शीर्ण बने अवैध भवन का सौदा हो गया, जाहिर है, इसकी लिखा-पढ़ी किसी न किसी नोटरी या रजिस्टार कार्यालय में हुई होगी, जिन सेठो या दलालों के हित नहीं सधे, उन्होंने नगर पालिका से लेकर तहसील और एसडीएम कार्यालय के जिम्मेदारों तक शिकायतें पहुंचा दी, जांच का सिलसिला शुरू हुआ, कार्यवाही तो नहीं हुई, लेकिन जिम्मेदारों ने गिद्ध बनकर अपनी खुराक जरूर पूरी कर ली।

### नगर पालिका-तहसील की सक्रियता

लगभग 32 लाख रूपये में जीर्ण-शीर्ण भवन का सौदा हुआ, सैफ नामक व्यक्ति ने कीमत चुका कर नजूल की भूमि खरीद ली, इसकी जानकारी मुख्यालय के लगभग व्यापारियों और सब्जी मण्डी में चाय तक बेचने वाले के पास है। जानकार तो यह भी बताते हैं कि नगर पालिका के राजस्व अधिकारी रामजी वर्मा मौके पर पहुंचे थे, पास में ही उनकी खरीददार से बैठक भी हुई, यही स्थिति तहसील के नजूल के कर्मचारी राजस्व निरीक्षक राजेश वर्मा के साथ भी कारित हुई, बीते सप्ताह जब जीर्ण-शीर्ण भवन को तोडक़र पक्की बीम डाली जाने लगी, तो दोनों ही विभागों के वर्माजी सक्रिय नजर आये। दोनों जिम्मेदारों की सक्रियता सिर्फ अपनी जेबे भरने और ऑफ रिकार्ड निरीक्षण तक ही सीमित रही।

### स्टे के बाद हुआ निर्माण

नगर पालिका के अनुसार शासन ने मकान की स्वीकृति लेने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की है। इस प्रक्रिया के शुरू होने के बाद से नगर पालिका द्वारा अनुमति नहीं दी जाती है। इसलिए संबंधित को ऑनलाइन ही फाइल अपलोड कर स्वीकृति लेना पड़ती है। शहर में बिना अनुमति इमारतें शासन के नियम निर्देशों को ताक में रखकर बनाई जा रही हैं। नगर पालिका बिना अनुमति निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इससे बिना अनुमति निर्माण को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। ज्यादातर व्यावसायिक और आवासीय भवन ऐसे बन रहे हैं। शंकर टाकीज रोड, जैन वीडियो के सामने सैफ द्वारा बगैर अनुमति के भवन निर्माण को लेकर नगर पालिका एवं नजूल के आरआई द्वारा काम तो रूकवाया, लेकिन निर्माणकर्ता पूरे प्रशासन पर इतने हावी रहे कि स्टे के बावजूद भवन निर्माण हो गया।

### प्रशासनिक पकड़ ढीली

प्रशासन की ढिलाई से माफियाओं का खेल दूर दराज क्षेत्रों में ही नहीं संभाग मुख्यालय में भी सरेआम दिखाई पड़ता है। माफिया के लोग नए-नए तरीके ईजाद कर सरकारी जमीने हथिया लेते हैं। शहडोल नगर के वार्ड नंबर 09/12 में एक दबंग परिवार नजूल की भूमि का अतिक्रमण स्टे के बावजूद निर्माण कर लिया, पूरा मामला नजूल के राजस्व निरीक्षक राजेश वर्मा के साथ ही नगर पालिका के जिम्मेदारों के संज्ञान में था, लेकिन भवन पर सैफ ने छत डाल दिया, इससे साफ जाहिर है कि या तो मैनेजमेंट के दम पर निर्माण हुआ या फिर प्रशासनिक पकड़ मुख्यालय में इतनी ढीली हो चुकी है कि अब अवैध निर्माण रोकना भी नौकरशाहों के बूते का नही रहा।



### इनका कहना है...

मौके के छायाचित्र उपलब्ध करायें, तत्काल निर्माण रूकवाया जायेगा।

**अक्षत बुंदेला**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, शहडोल**

**खबर संक्षेप**

## जन अभियान परिषद झांपी सेक्टर की बैठक का हुआ समापन



**उमरिया ।** जन अभियांन परिषद मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नामांकित संस्था झांपी की बैठक ग्राम पंचायत सलैया-13 में जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद रवींद्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि शासन कि समस्त योजनाओं से जुड़कर हम सभी को शासन और जनता के बीच समन्वय बनाने का कार्य करना है। इस दौरान नगर विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य साथ ही साथ सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सेक्टर बैठक आयोजित की गई।

## उपार्जन केंद्र हर्रवाह का डिप्टी कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीनांक्षी इंगले ने गत दिवस स्व सहायता समूह धान उपार्जन केंद्र हर्रवाह का औचक रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र तक आने वाले किसानों से भी रूबरू चर्चा की एवं केंद्र में अब तक कितने किसानों व्दारा धान का विक्रय किया जा चुका है, कितने किसानों ने स्लॉट की बुकिंग की कराई, कितना धान परिवहन किया जा चुका है आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जागृति प्रजापति भी उपस्थित रही।

## पंच एवं सरपंच पद के लिए मतदान आज



**उमरिया।** पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 उत्तरार्ध्द हेतु पंच एवं सरपंच पद के लिए मतदान 5 जनवरी को होगा । पंच पद के लिए मतदान मतपत्र एवं सरपंच पद के लिए मतदान ईव्हीएम से होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से दोपहर 03 बजे तक होगा। पंच पद की मतगणना मतदान के तुरंत पश्चात की जाएगी एवं सरपंच पद की मतगणना 09 जनवरी को विकासखण्ड मुख्यालय में प्रातः 8 बजे से होगी। जनपद पंचायत पाली मानपुर के ग्राम पंचायत परासी एवं बेली तथा घुनघुटी मे होने वाले मतदान के लिए मतदान दल 04 जनवरी को मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुआ। पंचायत घुनघुटी के वार्ड नंबर 12 में पंच पद की मतगणना मतदान के तुरंत पश्चात की जाएगी।

## जिले में अब तक 698392.19 क्विटल धान की हुई खरीदी

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीनांक्षी इंगले ने बताया कि जिले में धान उपार्जन का कार्य 42 खरीदी केन्द्रों में किया जा रहा है। जिले मे आज दिनांक तक 11884 किसानों से 698392.19 क्विटल धान की खरीदी की जा चुकी है। धान खरीदी का कार्य 19 जनवरी तक किया जाएगा।


## जिले में थानों की सीमा, अधिकार क्षेत्र का युक्तियुक्तकरण सुझाव आमंत्रित

**उमरिया ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल व्दारा जिलों में पुलिस विभाग के आवश्यकता के अनुरूप थानों की सीमाओं, क्षेत्र के पुर्ननिर्धारण के संबंध मे जन प्रतिनिधि तथा संबंधित इलाके के लोगों से सतत संपर्क बनाकर उनके सुझावों को ध्यान मे रखते हुए पुर्न निर्धारण करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों से कहा है कि वह अपने थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम रक्षा समिति के सदस्यो, वरिष्ठ नागरिकों, जन प्रतिनिधियों की थाना में बैठक लेकर उनसे सुझाव लेकर जानकारी प्राप्त करें।

## नियम विरूद्ध पंचायत में हो रहे भुगतान


# अनदेखी की भेंट चढ़ी शासन की योजनाएं

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाएं पंचायतों में अनदेखी की भेंट चढ़ गईं, पंचायत पोर्टल पर अधिकांश पंचायतों के सरपंच-सचिवों ने फर्जी बिल-बाउचर अपलोड कर करोड़ों रुपए आहरित कर लिए। पंचायत पोर्टल पर लगाए गए बिलों का सत्यापन करने वाले कोई नहीं है। हैरानी की बात तो यह कि पंचायतों के द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए बिलों की लगातार शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होना जिम्मेदारों को कटघरे में खड़ा कर रहा है।**










### दादर पंचायत के जिम्मेदार कमीशन पर लगा रहे बिल

शहडोल। सरकार योजनाएं लाती है, अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाती है, करोड़ों खर्च हो जाते हैं, लेकिन जनता की हालत जस के तस रह जाती है, क्योंकि योजनाएं जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के लिए सिर्फ जेब गर्म करने का जरिया बनकर रह जाती है। जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायत दादर में सरकारी पैसों की लूट खसोट जोरों शोरों से हो रही है, पंचायत के विकास के लिए आई राशि का कैसे दुरूपयोग किया जाये, इसकी पूरी जिम्मेदार सरपंच-रोजगार सहायक ने ले रखी है, सरपंच-रोजगार सहायक द्वारा वेण्डरों से सांठ-गांठ कर ली गई है, इस पंचायत में उमेश ट्रेडर्स नामक फर्म द्वारा पंचायत को हर वह वस्तु उपलब्ध कराई जाती है, जिसकी वह खरीदी भी नहीं करता, बिलों के भौतिक सत्यापन न होने के चलते भ्रष्टाचार अपने पूरे शबाब पर है।

### यह है मामला

ग्राम पंचायत दादर में सचिव-सरपंच द्वारा चुनाव कार्य हेतु व्हील चेयर की खरीदी की गई, एक व्हील चेयर स्पोर्ट वेयर स्टोर शॉप नंबर 3 शहडोल रोड जयसिंहनगर से एवं एक व्हील चेयर निर्माण सामग्री सप्लाई करने वाली फर्म उमेश ट्रेडर्स से खरीदी गई, स्पोर्ट वेयर स्टोर द्वारा 6 हजार 300 रूपये में व्हील चेयर 14 अक्टूबर को दी, वहीं उमेश ट्रेरडर्स द्वारा 20 नवम्बर को 9 हजार रूपये में व्हील चेयर पंचायत को उपलब्ध कराई, इससे यह भी समझा जा सकता है कि या तो पहले घटिया क्वालिटी की व्हील चेयर खरीदी गई या फिर उमेश ट्रेडर्स को ज्यादा भुगतान पंचायत द्वारा किया गया, हालाकि चर्चा यह भी है कि पंचायत में व्हीलचेयर की भी जांच करनी चाहिए, संभवतः पंचायत में व्हीलचेयर मौजूद ही नहीं है।

### बगैर खदान मुरूम सप्लाई

ग्राम पंचायत दादर के जिम्मेदारों ने वेण्डरों की खदान से ऐसा नायब हीरा खोज निकाला है, जो सुई से लेकर पंचायत को हवाई जहाज तक उपलब्ध कराने का दंभ भरता है, बीते कई वर्षो से जिले में मुरूम की खदान स्वीकृत नहीं है, लेकिन दादर पंचायत को उमेश ट्रेडर्स द्वारा 20 नवम्बर को 30 ट्राली मुरूम उपलब्ध करा दी गई, हालाकि इसके लिए पंचायत जिम्मेदार नहीं है, अवैध खनिज की पंचायतों में लगातार सप्लाई होने के बावजूद खनिज सहित जिला प्रशासन कार्यवाही न करे तो, अवैध खनिज की बिक्री से इंकार नहीं किया जा सकता और सहज ही कहा जा सकता है कि जिले में बैठे नौकरशाहों के संरक्षण में जिले में अवैध खनिज का कारोबार चल रहा है।

### मिल सकता है राजस्व

दादर पंचायत में कागजी फर्म काम कर रही है, उदाहरण बतौर एक फर्म बना ली जाती है, जिससे सिर्फ बिलिंग लेकर उसे कमीशन दे दिया जाता है। मौके पर काम नहीं होता, लेकिन सप्लाई मटेरियल का बिल बनता है। न जीएसटी को रिटर्न मिलता है न काम होता है। यह फर्म मास्टमाइंड छोटे-मोटे लोगों के नाम पर बना लेते हैं। मजे की बात तो यह है, संभागीय मुख्यालय में वाणिज्य कर विभाग का कार्यालय स्थित है, संभवतः कभी किसी फर्जी फर्म पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई होगी, हालाकि बीते दिनों एक फर्म को वाणिज्य कर की चोरी के लिए पहले नोटिस जारी हुआ, बाद में दूसरा नोटिस जारी कर मामले का पटाक्षेप विभाग द्वारा स्वयं ही कर दिया गया। अगर दादर पंचायत में सप्लाई दे रहे वेण्डरों की जांच वाणिज्य कर विभाग, खनिज विभाग सहित अन्य विभाग करें तो, फर्जी बिलों के अलावा चोरी किया गया राजस्व भी विभाग को मिल सकता है।

### बिलों का सत्यापन कब होगा साहब

ग्राम पंचायत के विकास के लिए लाखों रूपये शासन द्वारा पंचायत के खाते में डाले गये, लेकिन पंचायत का विकास कितना हुआ, यह धरातल पर जा कर देखा जा सकता है, दादर पंचायत के जिम्मेदार निर्माण कार्य के नाम पर शासकीय राशि का जमकर बंदर-बांट कर रहे है, निर्माण कार्य आधे-अधूरे पड़े है, उपयंत्री द्वारा मूल्यांकन नहीं किया जा रहा है, इसके अलावा पंचायत में सैकड़ों की संख्या में फर्जी बिल लगाये गये है, लेकिन जनपद में बैठे जिम्मेदारों को बिलों के सत्यापन की फुर्सत नहीं है, खबर है कि दादर पंचायत में सरपंच-रोजगार सहायक सगे भाई है, इनके द्वारा ही पंचायत चलाई जा रही है, शिकायत करने वालों को झूठे मामले में फंसाने की धमकी रोजगार सहायक सहित सरपंच द्वारा दी जाती है।

### इनका कहना है...

पंचायत द्वारा अगर फर्जी बिल लगाये गये हैं तो, गलत है। जल्द ही पंचायत मे लगे बिलों की सघनता से जांच कराई जायेगी।

**अशोक मरावी**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत, जयसिंहनगर**

## आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण की जानकारी दी




**उमरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र सिंह तोमरवा जिला न्यायाधीश संगीता पटेल के मार्गदर्शन में पराड़ीगल वॉलिंटियर्स द्वारा ग्राम पंचायत लादेरा व किरणताल में आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवा योजना के संबंध में वृहद विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

पैरालीगल वालंटियर हिमांशु तिवारी ने उपस्थित लोगों को आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना के बारे में जानकारी दी व बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए। उन्होंने ने कहा कि आदिवासियों की एकजुटता व उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आदिवासी समाज के भीतर विद्यमान नशापान, अंधविश्वास, ईर्ष्या, द्वेष आदि बुराइयों से मुक्त होने की आवश्यकता है तथा आने वाली पीढ़ी को शिक्षित एवं खेलों की ओर जागरूक करने का भी प्रयास करने की आवश्यकता है। कई रक्षात्मक कानून व उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के अनवरत प्रयासों के उपरांत भी आदिवासी समाज के जीवन स्तर में मामूली सुधार आया है। इसका मूल कारण आदिवासी समाज में शिक्षा, साक्षरता एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरुकता की कमी होना है।साथ ही समाज के कमजोर वर्ग के लोगों का निःशुल्क एवं उचित विधिक सेवा प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जा सके। आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण एवं प्रवर्तन योजना, 2015 निशुल्क विधिक सहायता, घरेलू हिंसा एवं नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जागरुकता शिविर में आगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण विश्वकर्मा, कविता बैगा,पैरा लीगल वालंटियर हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन,ऋषभ त्रिपाठी, ग्रामीण सुभद्रा राय दास, संगीता पाल, सुशीला बैगा, सोनम बैगा, भूरी बैगा, सुमन बैगा, अनिता बैगा, फूलबाई बैगा, सुनीता बैगा, श्याम बाई, केशकली बैगा, ललिया बैगा, रुक्मणी बैगा, पंखी बाई बैगा, बेला बैगा, सरिता बैगा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म का मामला आया सामने

**कोतमा।** कोतमा शादी का झांसा देकर 15 साल की किशोरी के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366 ए, 376, 376, 376 एन भा. द. वि. 5, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही हैं। पीड़ति ने बताया की वह 15 वर्ष की है ग्राम गोड़ारू की रहने वाली हूँ। मेरी मौसी के घर चुहिरा जो शहडोल जिले में पड़ता हैं वहां आती जाती थी। तभी से मेरी जान पहचान अज्जू उर्फ अजय नट से हो गई थी। तब 8 जून को मेरे माता पिता अमलाई काम करने गए थे। मैं घर में अकेली थी। तभी अज्जू उर्फ अजय नट मेरे घर आकर मुझे शादी करने का कह कर मेरे साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। अपने साथ अपने घर चुहिरा थाना गोहपारू जिला शहडोल ले जाकर अपने माता पिता से अलग कमरे मे रखा और मेरे साथ मेरी बिना मर्जी के जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। मैं उसके झांसे में आकर उसके साथ छः महिने तक रूकी रही। तभी से मेरे साथ कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा एवं मै शादी करने को बोलती तो शादी करने से मना कर दिया। अब मेरे साथ लड़ाई झगड़ा करने लगा। मै 20 दिसम्बर को अपने माता पिता को घटना के बारे में बताई, जिसके बाद परिजनों ने इसकी शिकायत कोतमा थाने में की है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं।

## कोदो कुटकी के फायदे गिनाने युवा किसान कर रहा 4200 किमी का साइकिल से सफर

**उमरिया।** पूरे देश में श्री अन्न (कोदो, कुटकी, सामा, रागी, मडुआ, काकुन, कंगनी) के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने और दैनिक आहार में शामिल कराने साइकिल मैन के नाम से विख्यात हरियाणा निवासी युवा किसान नीरज प्रजापति साइकिल से कश्मीर से कन्याकुमारी के सफर पर निकले हैं। नीरज 03 जनवरी को उमरिया पहुंचें, जहां कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों के साथ अपने अनुभव साझा किया। इस दौरान किसानों ने मोटे अनाज जिसे भारत सरकार ने श्री अन्न का नाम दिया है की खेती के दौरान आने वाली समस्याओं को बताया जिस पर नीरज ने उन्हें मोटे अनाज की उपज की टिप्स और उसकी मार्केटिंग के उपाय बताए।

## रात में पचरीपानी में हाथी ने तोड़े तीन घर एवं सामान






### घर से पटवारी गिरी कर रही पटवारी

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत लखनपुर के पचरीपानी टोला में बुधवार की देर शाम दो दांत वाला एक जंगली हाथी जो पास के कनेरीगढ़ के जंगल में पूरे दिन ठहरा रहा के द्वारा अनूप सिंह पिता भुरसू सिंह, गंगीबाई पति स्व. मनोज सिंह, धौसा सिंह पिता स्व. देमान सिंह के घरों को तोड़कर घर के अंदर रखे अनाज व सामान को अपना आहार बनाते हुए देर रात घोघराटोला से लखनपुर-खोलईया मुख्य मार्ग को पार कर दुधमनिया, बांका होकर गुरुवार की सुबह गोवरी गांव के निवासी कामता प्रसाद राठौर के घर में तोड़फोड़ किया इस बीच हो-हल्ला करने पर हाथी अपने अस्थाई आवास कक्ष क्र. 302 ठेगरहा के जंगल में ठाकुरबाबा के पास जाकर छिप गया हाथी के द्वारा देर शाम से पूरी रात ग्रामीणों के घरो में तोड़फोड़ कर अन्दर रखें अनाजों को खाते हुए संपत्ति का नुकसान किया वही अनूपपुर तहसीलदार के निर्देश के बाद भी लखनपुर पटवारी घटना के 24 घंटे के मध्य भी गरीबों के घरों में हाथी द्वारा किए गए नुकसान को देखने व कार्यवाही के लिए नहीं पहुंच सकी पटवारी अपने घर से ही पटवारी गिरी कर रही है इसके पूर्व भी ग्राम पंचायत लखनपुर के कई टोला-मोहल्ला में पांच हाथियों, तीन हाथियों एवं एक हाथी के द्वारा गरीबों का नुकसान किया गया रहा लेकिन पटवारी की लापरवाही के कारण ग्रामीणों के नुकसान पर कार्यवाही की रुचि न रखते हुए स्वेच्छा चारिता बरतने के कारण ग्रामीणों को शासन के द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है हाथियों द्वारा एक ही रात तीन घरों के नुकसान पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, सरपंच द्वारा पटवारी को सुबह होते से ही जानकारी देना चाहा लेकिन दोपहर 12 बजे तक पटवारी किसी का फोन उठा कर बात तक नहीं कर सकी जिस पर ग्रामीणों ने अनूपपुर तहसीलदार को फोन से घटना की जानकारी देते हुए हल्का पटवारी से स्थल निरीक्षण करा कर नुकसानी पर कार्यवाही कराने का आग्रह किया जिस पर तहसीलदार के निर्देश के बाद भी देर शाम तक पटवारी मौके पर पहुंचने की बजाय फोन पर ही किसने मेरी शिकायत तहसीलदार से की खोज भी नहीं व्यस्त रही है तथा अपने घर से ही अपने हलके की पटवारी गिरी करती नजर आई है,जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अनूपपुर कलेक्टर से ऐसे लापरवाह पटवारी के विरुद्ध तत्काल जांच करा कर घर बैठाने की मांग की है, एक अकेला हाथी गुरुवार की शाम किस ओर ग्रामीणों के घर, खेत, खलियानों को अपने आहार की तलाश में नुकसान पहुंचाएगा यह देर शाम एवं रात होने पर ही पता चल सकेगा।

## सड़कों पर रखी भवन निर्माण सामग्री से हो रहीं दुर्घटनाएं

**कोतमा। नगर के सड़कों और गलियों में भवन निर्माण की सामग्री बिखरी होने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। बालू, गिट्टी, ईट आदि सामग्री रखी होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। विशेष कर दोपहिया वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हो रही है।**



बाइक के फिसलने से लोग चोटिल हो रहे हैं। इसे देखने वाला कोई नहीं है। नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और नगर प्रशासन मौन है। विदित हो कि सड़क पर सामग्री रखने के लिए नगर निगम की अनुमति लेनी पड़ती है। नगर के कई स्थानों पर बालू, गिट्टी, ईट रखे हुए हैं साथ ही घरों से निकलने वाले मलवे को भी सडको पर ही रखवा दिया जाता है इससे लोगों को वाहन चलाने मे काफी परेशानी हो रही है। रात के समय सड़क पर बिखरी सामग्री नहीं दिखती और लोग हादसों के शिकार हो जाते है।

### यह है नियम

सड़क किनारे मकान बनाने एवं अन्य कार्य को लेकर बालू, गिट्टी, ईट मलवा आदि सामग्री रखने के लिए नगर पालिका से अनुमति लेनी पड़ती है। सड़क किनारे सामग्री रखने के लिए निगम में एक आवेदन दिया जाता है। आवेदन के बाद उपभोक्ता को शुल्क भी जमा कराना होता है। राशि जमा करने पर 24 घंटों के लिए ही सड़क किनारे सामग्री रखने की अनुमति दी जाती है। अगर समय पर सामग्री नहीं उठी तो जुर्माना के साथ सामग्री को जब्त करने का नियम है एवं यदि उस जगह पर आवागमन बाधित होता है तो नगर पालिका सामग्री रखने की अनुमति नहीं देगी।

### पुराने अस्पताल के सामने

नगर के वार्ड क्रमांक 3 पुराने अस्पताल के सामने ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसके लिए 1 माह से रेत एवं गिट्टी का ढेर सड़क पर ही लगा दिया है जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं जब बाजार का यह हाल है तो नगर के अंदर की क्या स्थिति होगी इसे देखने वाला कोई नहीं है।

### नपा उदासीन

सड़क किनारे सामग्री रखने पर नगर पालिका प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिए लेकिन नगरपालिका के उदासीन रवैए के कारण मुख्य बाजारों एवं नगर के अंदर सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री या बेखौफ पड़ी रहती है लेकिन नगर पालिका के द्वारा कागजों पर ही कार्यवाही करने की बात कहती है। धरातल पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। नगर पालिका प्रशासन को इन सब से कोई लेना देना नहीं है। लोग सामग्री को धड़ल्ले से सड़क के किनारे रखकर मकान बना रहे हैं।

### हो रही दुर्घटनाएं

नगर के अंदर सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री रखी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। पूर्व में वीडियो मोड़ के पास एक व्यक्ति के द्वारा भवन निर्माण का कार्य कराया जा रहा था और मिक्सर मशीन को बीच सड़क पर रखकर मसाला बनवाया जा रहा था तथा सड़क के दोनों ओर मलवा एवं रेत गिट्टी रखी हुई है जिसके कारण पिकअप वाहन ने दोपहिया वाहन को ठोकर मार दी जिससे मोटरसाइकिल चालक गिर गया था गनीमत यह थी कि दोनों वाहन धीमे थे जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

### इनका कहना

नगर पालिका के आदेश के बिना सड़क किनारे बालू, गिट्टी, ईट आदि निर्माण सामग्री रखना बिलकुल गैरकानूनी है। सड़क किनारे सामग्री रखने के लिए नगर पालिका से अनुमति लेना बहुत ही जरूरी है। बिना अनुमति कोई व्यक्ति सामग्री रखता है तो जुर्माना देना पड़ेगा। अभियान चलाकर ऐसे भवन निर्माण कर्ताओं के विरुद्ध नोटिस देकर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**प्रदीप झारिया, सीएमओ**
**नगर पालिका कोतमा**

## खबर संक्षेप

### धनपुरी में दिखे 100 रुपए के नकली नोट




**धनपुरी।** हाट बाजार में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा नकली नोट सब्जी दुकान में चलने को लेकर लोगों में चर्चा प्रकाश में आया है। बताया जाता है की 100 के नोट में JK प्रिंट है। नकली नोट चलाने वाले बदमाशों के द्वारा हाट बाजार के दिन सब्जी बेचने वाले सीधे सादे लोगों के बीच 100 के नोट चलाने का प्रयास किया गया है जो एक दो नोट ही देखने को मिल रहा है। मार्केट में अभी और कितने ऐसे नोट चलाए गए होंगे या नहीं यह पुलिस जांच का विषय होगा इसमें कितनी सच्चाई है यह तो जांच का विषय होगा।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे 337 करोड़ के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 5 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री जन आभार यात्रा में शामिल होने के बाद एनसीसी मैदान में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। आमसभा में मुख्यमंत्री 337 करोड़ 90 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री 326 करोड़ 54 लाख रुपए की लागत के 40 शिलान्यास करेंगे। इसमें 40 सड़कों के निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री 11 करोड़ 36 लाख 40 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें दो स्कूल भवन, केन्द्रीय जेल रीवा की आठ बैरकें तथा नगर निगम रीवा में सड़कों के सुधार एवं नाला निर्माण के 6 कार्य शामिल हैं।

### सुमेश ने किया मऊगंज को गौरवान्वित चन्द्रप्रभा गुप्ता

**मऊगंज ।** जिले के छोटे से गांव दुबगवां के सुमेश द्विवेदी ने संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित 2019 की एमपीपीएससी परीक्षा की वरीयता सूची में 15वां स्थान हासिल कर समूचे मध्यप्रदेश में मऊगंज जिले का मान बढ़ाया है उनकी इस उपलब्धि पर नगर परिषद मऊगंज की पूर्व अध्यक्ष चन्द्रप्रभा गुप्ता ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति की सदस्य श्रीमती गुप्ता ने कहा है कि सुमेश ने डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होकर यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी भी प्रकार की सुख सुविधाओं के मोहताज नहीं होती जिसका जीवंत उदाहरण मऊगंज के छोटे से गांव में पले बढ़े सुमेश द्विवेदी को देखकर लगाया जा सकता है। में सफलता प्राप्त करते हुए मऊगंज को गौरवान्वित किया है।

### नानी के यहां घूमने आई किशोरी के साथ दुष्कर्म

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र का मामला है।लेकिन इससे पहले नईगढ़ी पुलिस पर टालमटोल के आरोप भी लगे है। वैसे भी अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर पुलिस की मनमानी और लापरवाही के अक्सर मामले सामने आ रहे जिससे परेशान पीड़ित थाना प्रभारी से न्याय नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।तब जाकर लोगो को न्याय मिल रहा। ऐसा ही एक मामला मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र का आया है जहां नानी के यहां घूमने आई किशोरी के साथ दुष्कर्म करने जैसी घटना को अंजाम दिया जिस समय यह घटना घटित हुई उस समय किशोरी घर में अकेली थी। नाना नानी रिश्तेदारी में त्रयोदशाह कार्यक्रम में गए हुए थे। तभी आरोपी घर के अंदर प्रवेश किया तथा उसके अन्य दो साथी घर की पहरेदारी करने लगे ।लेकिन लड़की के हल्ला गुहार करने के बाद गांव के ही किसी व्यक्ति ने आवाज सुनी और घर के अंदर से दोनों लोगों को पकड़ लिया इसके बाद नईगढ़ी थाना पुलिस को जानकारी दी गई और नईगढ़ी पुलिस दिनांक 2 जनवरी 2024 को रामजी पटेल को गिरफ्तार कर नईगढ़ी थाने लाई।

#### सुबह से देर रात तक चलता रहा शुभकामनाओं का दौर

# नव वर्ष का शुभारंभ ईश्वर आराधना के साथ

**धनपुरी।** नव वर्ष के प्रथम दिन को अग्रवाल अग्रसेन महिला मंडल ने ईश्वर के नाम समर्पित किया ताकि पूरा वर्ष शुभ ही शुभ रहे। बुधवार की सुबह नववर्ष सुबह से ही एक ओर जहां लोग अपने ईष्ट मित्रों सहित परिवारजनों को नववर्ष की बधाई देते रहे, वहीं दूसरी ओर परिवारजनों के साथ ईश्वर भक्ति में भी लीन रहे। नगर के प्रत्येक मंदिर में अप्रत्याशित भीड़ लगी रही तथा लोग पूजा-अर्चना करते रहे।

### पिकनिक और आध्यात्म

पिकनिक स्थल के रूप में भी लोगों ने धार्मिक स्थलों को ही चुना। पिकनिक स्थल के रूप में अन्य वर्षो की तरह इस वर्ष भी लोगों की पहली पसंद धार्मिक स्थल मां ज्वालामुखी मंदिर, बरगवां हनुमान मंदिर, नीलकंठ मंदिर भगवान महादेव जी, अमरकंटक ,कपिलधारा, गणेश आश्रम, सरपा डेम आदि रहे। इन सभी स्थलों पर लोगों की अच्छी खासी भीड रही जहां लोगों ने नववर्ष को जमकर सेलिब्रेट किया।
नववर्ष का जोरदार स्वागत किया गया। धनपुरीवासी 2024 भोर पर सूरज की पहली किरन यादगार के रूप में नए साल की जश्न में डूब गए।




### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर वरगवां

दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बरगवां आकर्षण का केंद्र बिंदु बना है जगह-जगह पर लोगों द्वारा नए साल का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। लोगों ने जमकर लुफ्त उठाएं और नए साल के जश्न को मनाया। वहीं कई जगहों पर लोगों ने पिकनिक का आयोजन कर जमकर मौज-मस्ती की। कुल मिलाकर नए साल का जश्न शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न हो गया।

### शुभकामनाओं का दौर

घना कोहरा ठंड के बीच प्रारंभ हुए वर्ष 2023 का गर्मजोशी से नगर वासियों ने स्वागत किया। बुधवार का दिन होने के कारण सूर्योदय होते ही लोग मंदिरों, गुरुद्वारा व महागिरिजाघर में पूजा-अर्चना व मत्था टेकने पहुंचे। मोबाइल पर एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शनिवार की रात से ही जारी रहा। हंसी-खुशी के साथ नव वर्ष का उत्सव मनाने का दौर देर शाम तक जारी रहा। सभी ने ईश्वर के समक्ष नतमस्तक होकर मनोकामना पूरी होने, सुख, समृद्धि एवं शांति के लिए कामना किया।

## सीएम कार्यालय से जिला प्रशासन को पहुंचा पत्र, 12ः 25 पर हवाई मार्ग से रीवा आयेंगे सीएम, प्रशासन हुआ मुस्तैद

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव के रीवा प्रथम आगमन की अफवाहें बीच-बीच में उड़ती रही। अफवाहों को लेकर चर्चा बना रहता था जिस पर गुरुवार की शाम विराम लग गया। प्रशासन सीएम के प्रथम रीवा आगमन को लेकर बीते तीन दिन से तैयारी में जुटा रहा। लेकिन उसमें इस बात को लेकर शंका भी बनी रही कि मुख्यमंत्री कार्यालय से अभी तक सीएम के आने का कोई प्रोटोकाल नहीं आया। प्रोटोकाल का इंतजार किये बिना एक ओर जहां कलेक्टर समस्त विभागों को तैयार रहने का फरमान जारी किया वहीं दूसरी ओर गुरुवार के दिन पुलिस कंट्रोल रूम में दोनो एएसपी ने रीवा संभाग के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते हुए उनके दायित्वों की जानकारी दी। आखिरकार वो समय भी आ गया जिसका प्रशासन बेसब्री से इंतजार करता रहा। सीएम



कार्यालय से आई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव दोपहर 12ः 25 मिनट पर हैलीकाफ्टर से रीवा पहुंचेगे। हैलीकाफ्टर की यात्रा सीएम जबलपुर हवाई अड्डे से रीवा के लिए करेंगे, जबलपुर तक वे हवाई जहाज से आयेंगे। रीवा पहुंच कर सीएम डॉ. मोहन सिंह यादव काफिले के साथ जन आभार यात्रा में निकलेंगे जो कॉलेज चौराहा के विवेकानंद पार्क से शुरू होकर शिल्पी प्लाजा होते हुए सांई मंदिर पहुंचेगा। दोपहर 1 बजकर 30 मिनट में एनसीसी ग्राउंड में जनसभा को संबाधित करने के बाद लंच एंव विश्राम करने राजनिवास जायेंगे। एक घंटे के विश्राम के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय के मोहनसभागार में संभागीय बैठक लेगे। और उसके बाद जबलपुर होते हुए राजधानी लौट जायेंगे। इस दौरान चप्पे-चप्पे से पुलिस सहित कई सुरक्षा एजेंसियों का सख्त पहरा बिछा होगा।

## कोदो कुटकी के फायदे गिनाने युवा किसान कर रहा 4200 किमी का साइकिल से सफर

**उमरिया।** पूरे देश में श्री अन्न (कोदो, कुटकी, सामा, रागी, मडुआ, काकुन, कंगनी) के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने और दैनिक आहार में शामिल कराने साइकिल मैन के नाम से विख्यात हरियाणा निवासी युवा किसान नीरज प्रजापति साइकिल से कश्मीर से कन्याकुमारी के सफर पर निकले हैं। नीरज 03 जनवरी को उमरिया पहुंचें, जहां कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों के साथ अपने अनुभव साझा किया। इस दौरान किसानों ने मोटे अनाज जिसे भारत सरकार ने श्री अन्न का नाम दिया है की खेती के दौरान आने वाली समस्याओं को बताया जिस पर नीरज ने उन्हें मोटे अनाज की उपज की टिप्स और उसकी मार्केटिंग के उपाय बताए।

## माता सावित्रीबाई फुले जी की जयंती पर युवाओं ने ग्राम पंचायत देवगमा खुर्द में निशुल्क कोचिंग क्लास का आरंभ किया बाटी शिक्षण सामग्री

**बिरसिंहपुर पाली।** महिलाओं को स्वाभिमान से जीवन जीने की प्रेरणा देने वाली श्रद्धेय सावित्रीबाई फुले जी का संपूर्ण व्यक्तित्व प्रेरणा का अमर स्रोत है।उन्होंने न केवल महिलाओं के लिए शिक्षा के बंद रास्ते खोले, बल्कि उन्हें आर्थिक दृष्टि से भी सक्षम बनाया और दलित व वंचितों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। माता सावित्रीबाई फूल जी की जयंती पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा ग्राम पंचायत देवगमा खुर्द में पेड़ के नीचे निशुल्क कोचिंग क्लास आरंभ कर बच्चों को प्रदान की शिक्षा व शिक्षण सामग्री।

टीम लीडर हिमांशू तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित, श्रीमती सावित्रीबाई फुले की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूँ।सामाजिक क्रांति की अखण्ड ज्योत प्रज्ज्वलित कर आपने पीढ़ियों को शिक्षा के आलोक से आलोकित किया है, इसके लिए देश आपका ऋणी है। उनके कार्य, विचार तथा योगदान संपूर्ण समाज की अमूल्य-अक्षय निधि है।उन्होंने कहा कि उनके संघर्ष ने महिलाओं को आत्मविश्वास, स्वावलंबन और समानता की भावना से परिपूर्ण किया। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया और उन्हें स्वतंत्र निर्णय लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्त्री



शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव की बुनियाद रखी। 1851तक सावित्री बाई फुले ने 3 स्कूल स्थापित कर लिए थे और 150 छात्रों की शिक्षिका थीं । उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर देश में 18 स्कूल खोले थे। उन्होंने और उनके पति ने दलितों और दबी हुई जाति की महिलाओं के लिए भी स्कूल खोले। फुले दम्पति ने महिलाओं को वजीफा देकर स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों को निःशुक्ल कोचिंग प्रदान करते समय युवा हिमांशू तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन, वैष्णवी बर्मन, छात्र साहिल बैगा,सूरज बैगा,हरिओम बर्मन, सानिया बर्मन,रागिनी बर्मन,आरती बैगा,संध्या बैगा,गरिमा बैगा एवं सभी उपस्थित रहे।

# हाथीडोल में साल भर से बजबजा रहीं नालियां



**धनपुरी।** नगर पालिका का वार्ड क्रमाक 1 माडल रोड स्थित हाथी डोल में बने नालियों की साफ सफाई को लेकर नगरीय निकाय बुरी तरह से लापरवाह है।शिकायतकर्ता नागरिकों की मानें तो नालियों की साफ सफाई एक साल अधिक समय से नहीं हो रही है। नगरपालिका में कई बार बोला गया सफाई न होने पर परेशान होकर सीएम हेल्पलाइन में भी

#### मॉडल रोड के नाम पर विकास नहीं, नारकीय त्रासदी

शिकायत करने के बाद भी बर्षो से बजबजा रही नाली की साफ सफाई न होने से नाली की दुर्गंध से परेशान वार्ड वासी करें तो करें क्या इसकी शिकायत अब करें कहां, चुनाव के पूर्व वार्डवासियों को बोला गया था कि आप लोग की हर समस्या का समाधान हो जाएगा लेकिन नपा में कोई सुनने वाला नहीं।

### लाखों खर्च फिर भी समस्या

वार्ड नंबर 1 निवासरत वार्ड वासी के अंदर के वार्ड का अगर विकास का निरीक्षण कराया जाए तो लगभग 70 वर्षों से कुछ परिवारों विकाश मे काफी पीछे है जो मूलभूत सुविधाओं के नाम पर गांव से भी बदतर देखा जा जा रहा है इस वार्ड में कुछ आदिवासी परिवार निवास रत हैं कहने को तो शहरी क्षेत्र से जुड़ा हैं व्यवस्था गांव से भी बदतर गंभीर समस्या देखी जा रही है जो शुद्ध पानी, प्रकाश व्यवस्था, सफाई की समस्या, वार्ड नाली ना होने की समस्या बनी हुई है ।वार्ड वासियों नगरपालिका की सुविधा जैसी कोई व्यवस्था देखने को नही मिल रही नगर में लाखों-रूपए निर्माण कार्य कराए गए लेकिन यह वार्ड आज भी उपेक्षित देखा जा रहा है

### दुर्गंध ने किया जीना दुश्वार

बुढार कालेज तिराहे से करकटी हाथीडोल माडल रोड तो बना दिया गया लेकिन यहां पर निवास रत लोग का कहना की रोड के किनारे बने नालियों का साफ सफाई न होने के चलते दुकानदार वार्ड वासी गंदगी दुर्गंध से परेशान है वार्ड नंबर 1 की नाली की साफ सफाई की व्यवस्था कितनी खराब है तो अंतिम वार्ड की क्या स्थिति होगी इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मस्ती में डूबा अमला

सैकड़ो की संख्या में नगर पालिका के वार्डो के लिए सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था नगर पालिका के द्वारा बनाई गई है लेकिन नालियों की साफ सफाई को लेकर वार्ड वासी परेशान देखे जाते हैं। पूर्व सीएमओ के द्वारा साफ सफाई निरीक्षक वार्ड वार्ड जाकर देखते और न होने पर शीघ्र करते और



सफाई को लेकर कोई बहाने बाजी नहीं देखते दिन हो या रात पूरे प्राथमिकता के साथ करते आज भी पूर्व सीएमओ को नगर वासी याद करते हैं। क्योंकि अब उसे तरह की साफ सफाई व्यवस्था देखने को नहीं मिल रही है सब कुछ वही ना जाने साफ सफाई को क्या हो गया अब पूर्व की तरह सफाई देखने को नहीं मिल रहा है।

## जिले मे कैंसर यूनिट कि जल्द होगी शुरुआत

**रीवा ।** रीवा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए भोपाल से 6 सदस्यीय टीम गुरुवार को रीवा मेडिकल कॉलेज पहुंची भोपाल से आई टीम ने श्याम शाह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के साथ ही गांधी मेमोरियल अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विकास की अन्य संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। ज्ञात हो कि रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को 400 बिस्तर का बड़ा अस्पताल बनाया जाना है। इसके लिए भोपाल से आई टीम ने निरीक्षण करते हुए जानकारी एकत्र की है। निरीक्षण के समय मेडिकल कॉलेज के डीन मनोज इंदुरकर, अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल मिश्र के साथ ही अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। बताया जाता है कि रीवा मेडिकल कॉलेज परिसर में अलग से कैंसर का अस्पताल बनाया जाएगा। जहां पर रोगियों की बेहतर देखरेख होगी। कैंसर अस्पताल खोलने के लिए भोपाल से आई टीम ने स्थान का मूल्यांकन किया है।बताया गया है कि भोपाल से आई टीम निरीक्षण के पश्चात मेडिकल कॉलेज में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जानकारी एकत्र की। रीवा मेडिकल कॉलेज में विंध्य क्षेत्र के तमाम रोगी इलाज के लिए आते हैं। इस क्षेत्र में कैंसर अस्पताल की अत्यधिक आवश्यकता है। कैंसर का समुचित इलाज न होने की वजह से रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, उमरिया, पन्ना के रोगियों को इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है। लेकिन रीवा मेडिकल कॉलेज में कैंसर अस्पताल खुल जाने के बाद रोगियों को अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी।

# सड़कों पर रखी भवन निर्माण सामग्री से हो रहीं दुर्घटनाएं

**कोतमा।** नगर के सड़कों और गलियों में भवन निर्माण की सामग्री बिखरी होने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। बालू, गिट्टी, ईट आदि सामग्री रखी होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। विशेष कर दोपहिया वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हो रही है।

बाइक के फिसलने से लोग चोटिल हो रहे हैं। इसे देखने वाला कोई नहीं है। नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और नगर प्रशासन मौन है। विदित हो कि सड़क पर सामग्री रखने के लिए नगर निगम की अनुमति लेनी पड़ती है। नगर के कई स्थानों पर बालू, गिट्टी, ईट रखे हुए हैं साथ ही घरों से निकलने वाले मलवे को भी सडको पर ही रखवा दिया जाता है इससे लोगों को वाहन चलाने मे काफी परेशानी हो रही है। रात के समय सड़क पर बिखरी सामग्री नहीं दिखती और लोग हादसों के शिकार हो जाते है।

सड़क किनारे मकान बनाने एवं अन्य कार्य को लेकर बालू, गिट्टी, ईट मलवा आदि सामग्री रखने के लिए नगर पालिका से अनुमति लेनी पड़ती है। सड़क किनारे सामग्री रखने के लिए निगम में एक आवेदन दिया जाता है। आवेदन के बाद उपभोक्ता को शुल्क भी जमा कराना होता है। राशि जमा करने पर 24 घंटों के लिए ही सड़क किनारे सामग्री रखने की अनुमति दी जाती है। अगर समय पर सामग्री नहीं उठी तो जुर्माना के साथ सामग्री को जब्त करने का नियम है एवं यदि उस जगह पर आवागमन बाधित होता है तो नगर पालिका सामग्री रखने की अनुमति नहीं देगी।

### पुराने अस्पताल के सामने

नगर के वार्ड क्रमांक 3 पुराने अस्पताल के सामने ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसके लिए 1 माह से रेत एवं गिट्टी का ढेर सड़क पर ही लगा दिया है जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं जब बाजार का यह हाल है तो नगर के अंदर की क्या स्थिति होगी इसे देखने वाला कोई नहीं है।
सड़क किनारे सामग्री रखने पर नगर पालिका प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिए लेकिन नगरपालिका के उदासीन रवैए के कारण मुख्य बाजारों एवं नगर के अंदर सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री या बेखौफ पड़ी रहती है लेकिन नगर पालिका के द्वारा कागजों पर ही कार्यवाही करने की बात कहती है। धरातल पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। नगर पालिका प्रशासन को इन सब से कोई लेना देना नहीं है। लोग सामग्री को धड़ल्ले से सड़क के किनारे रखकर मकान बना रहे हैं।
नगर के अंदर सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री रखी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। पूर्व में वीडियो मोड़ के पास एक व्यक्ति के द्वारा भवन निर्माण का कार्य कराया जा रहा था और मिक्सर मशीन को बीच सड़क पर रखकर मसाला बनवाया जा रहा था तथा सड़क के दोनों ओर मलवा एवं रेत गिट्टी रखी हुई है जिसके कारण पिकअप वाहन ने दोपहिया वाहन को ठोकर मार दी जिससे मोटरसाइकिल चालक गिर गया था गनीमत यह थी कि दोनों वाहन धीमे थे जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

## टीएल बैठक के साथ गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आयोजित हुई





**मऊगंज।** गणतंत्र दिवस को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिशा निर्देश

मऊगंज जनपद सभागार में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न विभाग के अधिकारियों की टीएल बैठक ली गई। जिसमें कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न योजनाओं में गति लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। टीएल बैठक उपरांत गणतंत्र दिवस धूमधाम पूर्वक मनाए जाने को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि नवगठित मऊगंज जिले में पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह कलेक्टर कार्यालय परिसर मैदान मऊगंज में आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक 3 जनवरी को जनपद सभागार में आयोजित की गई। यह बैठक टीएल बैठक के बाद आरंभ हुई। बैठक में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों की विभागवार समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### रामलला के दर्शन के लिए अंततः मिल गई नई ट्रेन



**अनूपपुर।** बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन के अंतर्गत एकमात्र साप्ताहिक ट्रेन 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस अयोध्या रामलला दर्शन के लिए थी। इसके अलावा अयोध्या जाने के लिए प्रयागराज से अन्य ट्रेन से जाने की सुविधा थी। जिसको देखते हुए नगर के जागरूक नागरिक एवं पत्रकार अरविंद बियानी ने 31 दिसंबर को प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, रेल मंत्रालय, बिलासपुर रेलवे महाप्रबंधक, बिलासपुर रेल प्रबंधक से ट्वीट के जरिए एवं अनेकों समाचार पत्रों में समाचार के जरिए मांग की थी की दुर्ग से नौतनवा चल रही ट्रेन को नियमित किया जाए या फिर कोई नई ट्रेन चलाई जाए, जिससे रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या तक पहुंचा जा सके। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री, रेल मंत्री ने विशाखापट्टनम से गोरखपुर वाया अयोध्या सप्ताह में दो दिन ट्रेन चलाने का फैसला लिया। जिनकी समय-सारणी घोषित कर दी गई। ट्रेन कब से चलेगी इसकी घोषणा भी शीघ्र हो जाएगी। उत्तर रेलवे ने यह ट्रेन चलाने का फैसला किया। बताया गया कि ट्रेन नंबर 02803/02804 विशाखापट्टनम-गोरखपुर-विशाखापट्टनम के मध्य ट्रेन का संचालन किया जाएगा। ट्रेन विशाखापट्टनम से सप्ताह में 2 दिन रविवार एवं बुधवार को चलेगी एवं गोरखपुर से भी सप्ताह में 2 दिन बुधवार एवं शनिवार को चलेगी। ट्रेन नंबर-02803 विशाखापट्टनम-गोरखपुर यह ट्रेन विशाखापट्टनम से रात्रि 22.20 पर चलकर दूसरे दिन बिलासपुर 14.40-14.55, अनूपपुर 17.38-17.40, शहडोल 18.28-18.30, उमरिया 19.42-19.44, कटनी 22.00-2205, प्रयागराज 06.10' 06.40 होते हुए अयोध्या सुबह 10.35 बजे पहुंचेगी वहां से 11.00 बजे प्रस्थान कर 15.30 पर गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 02804 गोरखपुर-विशाखापट्टनम वही यह ट्रेन गोरखपुर से रात्रि 15.35 पर प्रस्थान कर अयोध्या 19.35-19.55, प्रयागराज 23.35-00.05,कटनी 07.20-07.25, उमरिया 08.36-08.38, शहडोल 09.46-09.48, अनूपपुर 11.00-11.02, बिलासपुर 14.50- 15.05 प्रस्थान कर विशाखापट्टनम 09.15 पर पहुंचेगी।

### मंत्री दिलीप जायसवाल ने गुलीडांड में दो बालकों की हुई मृत्यु पर उनके निवास पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना



**अनूपपुर।** जिले के उप तहसील एवं थाना बिजुरी अंतर्गत ग्राम गुलीडांड में विगत दिवस दीवार गिरने से दो बालकों की हुई आकस्मिक मृत्यु पर मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने गुरुवार को मृतकों के निवास स्थल पहुंचकर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया उन्होंने मृतक बालकों के पिता विनोद तिवारी व दुर्गेश तिवारी एवं परिजनों से बात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढढांस बंधाते हुए मृत्यु आत्मा की शांति तथा इस दुख को परिवार जनो को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई तथा घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के निर्देश प्रशासन को दिए गए।

### पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह व्यथित

# राज्यपाल के अभिभाषण में मां नर्मदा महोत्सव का नहीं है उल्लेख

**अनूपपुर।** पुष्पराजगढ़ के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने सदन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में विजयश्री के बाद पहली बार अपनी धारा प्रवाह में विधानसभा अध्यक्ष को ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई देते हुए राज्यपाल के अभिभाषण के विरोध में बोलते हुए कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में कई महोत्सवों का उल्लेख किया गया है, लेकिन मैं व्यथित हूं, दुखित हूं कि मां नर्मदा के जन्मोत्सव का उल्लेख राज्यपाल के अभिभाषण में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल यदि मां नर्मदा के नाम और महोत्सव का भी उल्लेख किया होता तो इस सदन की गरिमा ही बढ़ती।





जो मां नर्मदा लाखों करोड़ो करोड़ लोगों की जीवनदायिनी है, जो पवित्र नगरी अमरकंटक से चलकर और मध्यप्रदेश के अंतिम सीमा तक प्रवाहित होती है। उनकी कल-कल, छल-छल धारायें, हम लाभ तो लेते हैं लेकिन उसका नाम इस अभिभाषण में शामिल नहीं हुआ उनके नाम का उल्लेख न करने का, जन्मोत्सव के उल्लेख न करने का कालांतर में इसका परिणाम भोगना तो पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि जब पहलाद पटेल केंद्रीय मंत्री थे तो उन्होंने 50 करोड़ रुपये वहां के सौंदर्य करण और विकास के लिये दिये थे। प्रसाद योजना की तरह लोगों ने उस पवित्र नगरी को भी नहीं छोड़ा। प्रसाद की तरह वह राशियां बंट गईं। यह इस सदन में कहा गया था कि जो मां नर्मदा में छोटी-छोटी गंदी नालियां सीधे मिल रही हैं उसको रोकने का काम सरकार करेगी। लेकिन आज तक वह नहीं हुआ। मां नर्मदा का जहां उद्गम है हमारी अमरकंटक नगरी का पानी,शहर का पानी सीधे मां नर्मदा में प्रवाहित हो रहा है। नालियों, नालों के रूप में लाखों लाख लोग वहां जाकर स्नान करने जाते हैं, दर्शन करने जाते हैं, देश-विदेश के लोग मां नर्मदा की जल धारा को देखने आते हैं और जब आचमन का समय आता है तो एक बार उनको सोचना पड़ता है। मैं चाहता हूं कि ऐसी पवित्र नदिया, मां नर्मदा जो इस प्रदेश को सम्पन्न बना रही हैं उनके नाम को लोग देश, विदेश में जानते हैं तो उनका जन्मोत्सव भी उतना ही विराट और विशाल होना चाहिये था। लेकिन कभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नहीं सोचा। वहां कई बार आप दर्शन करने जाते हैं मां नर्मदा का उपयोग करते हैं लेकिन उनके जन्मोत्सव को हृदय से मनाने का प्रयास नहीं किया गया। वह शासकीय कैलेण्डर में शामिल नहीं हुआ।

उसको 2019-20 में हमने सरकार से लड़कर शामिल कराया। उनकी भव्य और दिव्य जयंतियां भी मनाईं, लाखों लोगों ने तीन दिन तक उनकी जयंती मनाई। मां नर्मदा का पूजन और अर्चन किया गया। यदि आप उसको आगे बढ़ाते तो आपका भी नाम होता लेकिन जैसे सुन्न कर दिया गया। वहां का सीवर ट्रीटमेंट प्लांट 2017 में इसी सदन से हमने स्वीकृत कराया था आज तक वह चालू नहीं कर पाए। आप देख लीजिये यह स्थितियां प्रदेश के उद्गम स्थल की है। 50 हजार से अधिक ग्राम ओ.डी.एफ. में कर दिये आपने ओ.डी.एफ. बताईये कि क्या है। आपने शौचालय बना दिये, ग्रामों को ओ.डी.एफ.कर दिया, कोई खुले में शौच करने नहीं जायेगा, मैं आपको बताऊं वह शौचालय आपने कैसा बनाया है 12 हजार का शौचालय बना और गांव में उसका नाम है पिचघुच्चा शौचालय न दायें मुड़ सकते हैं न बायें मुड़ सकते हैं। यह पैसा मध्यप्रदेश के किसानों का पैसा है जो वह लगान में देते हैं, वह पैसा है जो कर्मचारी, व्यापारी अपने टैक्स के रूप में दे रहे हैं, उस राशि का जिस तरह से दुरुपयोग होता है और जब वही किसान पानी की मांग करता है जब वही अन्नदातों पानी की मांग करता है तो वह शुद्ध पानी पीने का अधिकारी नहीं है। देश के गरीब को, देश के किसान को, देश की नारी शक्ति को, देश की युवा शक्ति को प्रधानमंत्री कहते हैं कि ये मेरे वीआईपी हैं इन वीआईपी की क्या दुर्दशा है। वीआईपी तो बोतलों में पानी पीते हैं, बिसलरी में पानी पीते हैं, लेकिन मेरे गांव के वीआईपी ऐसे हाथ में चुल्लू में पानी निकालकर पीते हैं।

आप गांवों में जाइये और देखिए, आपकी नल जल योजना, जल जीवन मिशन क्या दिल्ली से पैदल चल रही है जो आज गांवों तक वह नहीं पहुँच पाई है। मेरे किसान, मेरे भाई जो गांवों में, जंगलों में और पहाड़ों में निवास कर रहे हैं, क्या उनको शुद्ध पानी पीने का अधिकार नहीं है...? हम भी चाहते हैं कि जिस तरीके से शहर में सड़कों के दोनों तरफ लाइटें लगी हुई हैं और प्रकाश हो रहा है, चकाचक रोड, पुल-पुलिया और नालियां बनी हुई हैं, हम गांव के लोग भी चाहते हैं कि मेरे गांवों में भी इस तरीके की व्यवस्था हो यदि सड़कों के दोनों तरफ लाइटें न भी हों तो उनके घरों में सिंगल बत्ती तो लगनी ही चाहिए हम उससे भी वंचित हैं। पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहां की मुझे बहुत सारी बातें कहनी थीं, लेकिन समय का अभाव है। आपका आशीर्वाद मुझे मिलता रहेगा इसलिए मैं ज्यादा कुछ और न कहते हुए ये जरूर कहना चाहूँगा कि यदि हम स्मार्ट सिटी बना रहे हैं तो मेरा स्मार्ट विलेज भी बन जाए।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटर साइकिल सवार की स्थल पर मौत

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में बुधवार की रात पसला गांव के पास अनूपपुर में अपनी पान दुकान बंद कर पसला स्थित घर जा रहे 48 वर्षीय सुरेश यादव पिता सीताराम यादव पर कोतमा की ओर से आ रहे अज्ञात बड़े वाहन द्वारा ठोकर मारने के कारण मोटरसाइकिल सवार सुरेश यादव की मौके पर मौत हो गई घटना की सूचना पर मृतक के शव को देर रात जिला चिकित्सालय अनूपपुर के शव विच्छेदन कक्ष के फ्रीजर में रखकर गुरुवार की सुबह पुलिस चौकी अनूपपुर द्वारा परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं ड्यूटी डॉक्टर से मृतक के शव का पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर प्रारंभिक



कार्यवाही करते हुए प्रकरण की डायरी कोतवाली थाना अनूपपुर को अग्रिम कार्रवाही हेतु भेजा गया है।

## भोपाल में जिले के कई युवाओं का हुआ राष्ट्रीय उत्सव के लिए चयन

**अनूपपुर।** जिले के संतोष कोल का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। संतोष कोल 12 जनवरी को नासिक महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव 2024 के लिए हुआ है संतोष कोल यहां पर फोटोग्राफी के लिए मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगें। इससे पहले 2 और 3 जनवरी को रविंद्र भवन भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में संतोष कोल ने अनूपपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए उन्हें 10 हजार रुपए और शील्ड से सम्मानित किया गया। वही जिले की एक अन्य प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में एकल लोक नृत्य में कुमारी कृतिका द्विवेदी, दीपक साहू, रिचा मिश्रा, राजन सोनी, चंदन लालपुरी इन सभी का दल दूसरा स्थान प्राप्त किया।

शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव रविंद्र भवन भोपाल में 2 जनवरी से 3 जनवरी तक हुआ है



इसमें अनूपपुर जिले से फोटोग्राफी में संतोष कोल का चयन राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए हुआ है राष्ट्रीय स्तर पर चयनित संतोष कोल के सफलता में उनके फोटोग्राफी सहयोगी मोहन सिंह गौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है संतोष कोल एवं साथी को 10000 का चेक वही एकल लोक नृत्य के प्रतिभागी कृतिका द्विवेदी और उनकी टीम को द्वितीय पुरस्कार के लिए 6000 का चेक दिया गया एवं प्रथम पुरस्कार में ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया। भोपाल रविंद्र भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में संयुक्त संचालक बालू सिंह यादव उपसंचालक वाणी साहू एवं विकास खरार कर एमके धौलपुरी उपसंचालक संभागीय खेल अधिकारी रीवा राजेश शाक्य जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी धार एवं रुबिका दीवान इन सभी वरिष्ठ खेल में युवा कल्याण अधिकारियों द्वारा रविंद्र भवन में प्रथम एवं द्वितीय आने पर इनको सम्मानित किया गया।इन प्रतिभागियों के साथ राज्य स्तर में अच्छा प्रदर्शन करवाने में दल मैनेजर के रूप में दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी, नेशनल ट्रेनर स्टेट रेफरी मध्य प्रदेश मेडल दिलवाले में अहम भूमिका रही है इन सभी प्रतिभागियों एवं दल मैनेजर को अनूपपुर जिले के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शिवकुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## शिक्षकीय समस्याओं को लेकर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** 3 जनवरी को शिक्षकीय समस्याओं के निराकरण हेतु मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला एवं संभागीय इकाई द्वारा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से 1- शिक्षक संवर्ग के द्वारा 12, 24, 30 एवं 35 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने के पश्चात समयमान/क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश प्रसारित करने। 2- सभी शिक्षक संवर्ग की वरिष्ठता सूची निकालने एवं 3- शिक्षक संवर्ग को पदनाम/उच्च पद प्रभार के आदेश प्रसारित करने का आग्रह किया गया है। सहायक आयुक्त के द्वारा एक सप्ताह के अंदर उक्त तीनों बिन्दुओं के समाधान की बात कही गई। ज्ञापन सौंपने वालों में संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष संजय निगम, संभागीय कार्यकारणी सदस्य डां नरेन्द्र पटेल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अमृतलाल मौर्य थे।



# खाद्य विभाग की टीम ने सफेद आयल से भरा टैंकर किया जप्त, कार्यवाही जारी

### सफेद ऑयल के नाम पर छत्तीसगढ़ से होता डीजल का अवैध परिवहन व भंडारण

**अनूपपुर।** जिले में व्हाइट ऑयल सफेद तेल के नाम पर डीजल का अवैध परिवहन व भंडारण के मामले की शिकायत पर बुधवार को जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों एवं थाना प्रभारी बिजुरी की संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 43 बैहाटोला टोल प्लाजा के समीप टैंकर वाहन क्रमांक जीजे 03 बीवाई 8465 में भरे ऑयल की जांच की गई। जहां ऑयल की संदिग्धता पर खाद्य अधिकारी बालेन्द्र सिंह परिहार एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सीमा सिन्हा ने नमूना लेते हुए उसे आयुषी लेबोरेटरी भोपाल भेजा जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि लैब की जांच से पता चलेगा कि ये ऑयल, व्हाइट ऑयल है या डीजल, वहीं टैंकर को जप्त करते हुए बिजुरी थाना में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया है।

### व्हाइट ऑयल का बिल लगाकर डीजल का अवैध परिवहन

औद्योगिक क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाले सफेद तेल का बिल लगाकर छत्तीसगढ़ से डीजल का अवैध परिवहन कर मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित कोयला खदानों में पहुंचाया जा रहा है। जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ में डीजल की कीमत 10 से 12 रुपए प्रति लीटर सस्ता होने के कारण म.प्र. के सीमावर्ती अनूपपुर जिले के कोयला खदानों व औद्योगिक क्षेत्रों में अवैध रूप से डीजल का परिवहन कर उनका भंडारण कर अधिक दाम में बेचकर मुनाफा कमाते हैं। टैंकर में मिले बिल में सफेद तेल जो कि नागपुर से बिलासपुर आ रहा है। जप्त किए टैंकर का रूट चार्ट उल्टा था, टैंकर बिलासपुर की ओर ना जाकर अनूपपुर की ओर आ रहा था।




### ओ.बी. रिमूवल कंस्ट्रक्शन की जांच में पहुंचें अधिकारी

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार आमाडांड खदान में ओ.बी. रिमूवल मिट्टी हटाने का कार्य निजी कंपनियों के माध्यम से कॉलरी द्वारा करवाया जाता है। जिसमें डीजल की आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ से अवैध तरीके से परिवहन कर उनका भंडारण करने की शिकायत मिली थी, जिस पर जांच के लिए खाद्य अधिकारी सहित टीम ने आमाडांड मे ओ.बी रिमूवल निर्माण स्थल पहुंचे, वहां भी वैसे ही टैंकर खड़े पाए गए। लेकिन खाली थे। जिसके बाद टीम ने विधिवत जांच की कार्रवाई की गई।

### डीजल परिवहन वा भंडारण के ये है नियम

जानकारी के अनुसार कई निजी कंपनियों द्वारा छ.ग. से बड़ी मात्रा में सस्ता, डीजल अवैध रूप से खरीद कर टैंकरो के माध्यम से परिवहन कर लाया जा रहा है। जबकि नियमानुसार डिपो से निकलने वाले डीजल के टैंकर सीधे अपने रूट चार्ट के अनुसार पेट्रोल पंप में ही पहुंचाया जाना होता है। जहां से औद्योगिक संस्थानों वा निजी कंपनियों की आपूर्ति के लिए उक्त संस्थान पेट्रोल पंप से ही अधिकतम 2200 लीटर डीजल ड्रमों के माध्यम से ट्रांसपोर्ट कर सकता है, इससे अधिक मात्रा में डीजल का परिवहन करने के लिए विस्फोटक लायसेंस की अनिवार्यता होती है, जिसमें बकायदे भंडारण स्थल, वाहन का नंबर वा डीजल की क्षमता अंकित होती है।

### इनका कहना है

टैंकर वाहन में चालक द्वारा सफेद तेल का बिल दिखाया गया है, जिसके बाद ऑयल का सैम्पिल लेकर उसे लैब भेजा गया है, जिसके बाद ही उक्त ऑयल डीजल है या सफेद तेल पता चल सकेगा। फिलहाल टैंकर को बिजुरी थाना में खड़ा करा दिया गया है।

**बालेन्द्र सिंह परिहार**
**खाद्य अधिकारी अनूपपुर**

**Presiding Officer: रविन्द्र कुमार शिल्पी**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000030/2023)
अर्जुन कोल वगै. ....................आवेदक Vs
भारतीय स्टेट बैंक वगै. ................अनावेदक
Process Id-/2023
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 27/01 /2024
(1) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन कोल वगै० पता ने मृतक नत्थू पिता सइकू जाति कोल निवासी कदम टोला नगर परिषद कोतमा वार्ड क्रमांक 11 थाना कोतमा तहसील कोतमा जिला अनूपपुर म०प्र० का भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोतमा कॉलरी थाना भालूमाड़ा तहसील कोतमा जिला अनूपपुर के खाता क्रमांक 1095854761 में जमा राशि 20,23,898/- (बीस लाख तेइस हजार आठ सौ अनठानवे रुपए) एवं उस पर मिलने वाला लाभांश राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 27 January 2024 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 January 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज 30 December 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
रविन्द्र कुमार शिल्पी
मुद्रा व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें :-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।